# कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) बालोद (छ.ग.)

फैक्स नं. 07749—223915, ई—मेल—**actwd.balod@gmail.com**

क्र. / 169 / आ.जा.क. / सा.स्था. / 2023—24 बालोद, दिनांक...../...../2023

## !! विज्ञापन !!

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर छ.ग. के पत्र क्रमांक / एफ—13—1 / 2023 / आप्र. / 1—3 नवा रायपुर दिनांक 03.05.2023 एवं कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर छ.ग. के पत्र क्रमांक / सा.स्था.3 / भर्ती—24 / 2023 / 1096 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 08.05.2023 के निर्देशानुसार कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बालोद के रिक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती द्वारा किये जाने हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बालोद के नाम से **दिनांक 31.05.2023 शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।** निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट **www.balod.gov.in** या कार्यालयीन समय पर कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास बालोद

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

पृ.क्र. / 169-A / आ.जा.क. / सा.स्था. / 2023—24 बालोद, दिनांक ...../...../2023

प्रतिलिपि :—

1. सचिव, छ.ग. शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
3. संभागायुक्त, संभाग दुर्ग की ओर सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला—बालोद (छ.ग.)को सादर सूचनार्थ।
5. परियोजना प्रशासक एकीकृत आदि.विकास परियोजना डौंडीलोहारा जिला—बालोद को सूचनार्थ।
6. जिला सूचना एंव विज्ञान अधिकारी, बालोद को सूचनार्थ एवं निर्देशित किया जाता है, कि जिले के वेबसाईट में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. जिला जनसंपर्क अधिकारी, बालोद को जिला स्तर के 03 प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित हेतु प्रेषित।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास बालोद

# कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) बालोद (छ.ग.)

फैक्स नं. 07749–223915, ई–मेल–actwd.balod@gmail.com

क्र./ 169 /आ.जा.क./सा.स्था./2023–24 बालोद,दिनांक 12/05/2023

## //विज्ञापन//

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्र./एफ–13–1/2023/अ.प्र. नवा रायपुर दिनांक 03.05.2023 एवं कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर छ.ग. के पत्र क्र. /सा.स्था. 3/भर्ती–24/2023/1096 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 08.05.2023 के निर्देशानुसार कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास बालोद के रिक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती के द्वारा किये जाने हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास जिला बालोद के पते में दिनांक 31.05.2023 शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जावेंगा।

रिक्तियों की संख्या पदनाम सहित प्रवर्ग पर निम्नानुसार है :–

| क्र. | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | अनुसूचित जन जाति | | | अनुसूचित जाति | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | अनारक्षित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | म. | निःशक्त जन | मुक्त | म. | निःशक्त जन | मुक्त | म. | निःशक्त जन | मुक्त | म. | निःशक्त जन |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | सहायक ग्रेड–03 | 02 | 01 | — | — | — | — | — | — | — | — | 01 | — | — |
| 2 | डाटा एंट्री आपरेटर | 01 | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 01 | — | — |

**महत्वपूर्ण टीप :–**

1. आवश्यकतानुसार उपरोक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि की जा सकेगी।
2. उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियायें, माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्र./19668/2022 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन रहेगा।
3. आवेदक छ.ग. का मूल निवासी होना आवश्यक है।
4. चयन हेतु अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर, जिला बालोद को होगा।
5. छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, महानद भवन, नवा रायपुर, अटल नगर छ.ग. के पत्र क्रमांक/एफ–13–14/2009/आ.प्र/1–3 रायपुर, दिनांक 04.12.2012 के द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जा रहा है।
6. चयनित अभ्यार्थियों को 3 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखी जावेंगी।
   प्रथम वर्ष वेतनमान न्यूनतम का 70 प्रतिशत।
   द्वितीय वर्ष वेतमान न्यूनतम का 80 प्रतिशत।
   तृतीय वर्ष वेतमान न्यूनतम का 90 प्रतिशत देय होगा।

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

भर्ती हेतु योग्यता :–

1.सहायक ग्रेड–03 :–

(अ) वेतनमान – वेतन मैट्रिक्स में लेवल–4

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं –

अनिवार्य :– 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा,

3. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)

2. डांटा एंट्री आपरेटर :–

(अ) वेतनमान – वेतन मैट्रिक्स में लेवल–6

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं –

अनिवार्य :– 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

अथवा

कक्षा 10 परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

2. डाटा एंट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एंट्री की गति 8,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)

पात्रता की अन्य शर्ते :–

1. आवेदक को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, आवेदक को आवेदन पत्र के साथ प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए छ.ग. का मूल निवासी प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
2. विज्ञापन जारी तिथि के पूर्व निर्धारित समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताये पूर्ण होना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत हो जावेगा। इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा। किसी भी परिस्थिति में बाद की तिथि में प्रमाण–पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा। अतः अर्हता को सिद्ध करने वाले समस्त प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्यतः सुनिश्चित करें। अन्यथा प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

3. **आयु–सीमा** दिनांक 01.01.2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक/एफ3–2/2015/1–3/एफ नया रायपुर दिनांक 30.01.2019 अनुसार आयु सीमा हेतु जारी अन्य छूट भी लागू रहेगी। सभी प्रकार के छूट को सम्मिलित करने के पश्चात् अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। आयु के समर्थन हेतु 5वीं, 8वी एवं 10वीं की अंकसूची जिसमें जन्म तिथि अंकित हो। संबंधित प्रमाण–पत्र/अंकसूची को स्व–प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदक का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। पंजीयन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
5. आवेदक अपनी अर्हता की जाँच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्तो को पुरा करने पर ही आवेदन करें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक को अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी। किसी भी प्रकार की पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी। आवेदक को आवेदन में वांछित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा, इसके लिए पृथक से समय नहीं दिया जावेगा। तत्संबंध में दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।
6. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के आवेदको को स्थाई जाति प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
7. वांछित प्रमाण–पत्रों एवं अंकसूची की स्व–प्रमाणित सत्यप्रतिलिपि सहित आवेदन अंतिम दिनांक 31.05.2023 को संध्या 5:30 बजे तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बालोद कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेंगा। निर्धारित समय–सीमा पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
8. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र के संबंधो में कोई सूचना नहीं दी जावेगी। ऐसे आवेदन पत्र तत्काल अमान्य कर दिए जावेंगे।
9. लिफाफे के ऊपर में आवेदित पद का नाम एवं आरक्षण का वर्ग स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
10. सहायक ग्रेड–3 एवं डाटा एंट्री आपरेटर का पृथक पृथक आवेदन स्वीकार किया जावेगा ।
11. उम्मीदवार अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो स्व–प्रमाणित आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा करें।
12. किसी भी विवाद/आपत्ति में अंतिम निर्णय कलेक्टर, जिला–बालोद का मान्य होगा।
13. परिस्थितिवश एवं आवश्यकतानुसार विज्ञापित पद की संख्या में कमी या वृद्धि अथवा विज्ञापन का पूर्ण भाग/अंशिक भाग निरस्त की जा सकती है।
14. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है। जिसकी विधिवत सूचना प्रकाशित होगी, ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं होगा। किसी भी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सेवा में कदाचरण के अरोप में हटाये गए या अवचार के दोषी/निलंबित/बर्खास्त/ब्लैक लिस्टेड किया गया व्यक्ति पात्र नहीं होगें।
15. प्राप्त आवेदन पत्रों के उम्मीदवार के चयन के संबंध में नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
16. विज्ञापन संबंधित समस्त जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप कार्यालय के सूचना पटल पर एवं जिले के अधिकारिक वेबसाइट **www.balod.gov.in** में अवलोकन किया जा सकता है।

टीप :– विज्ञप्ति पद क्रमांक 01 एवं 02 हेतु कम्प्युटर प्रमाण–पत्र के लिए निम्नाकिंत संस्थाओं द्वारा जारी प्रमाण–पत्र ही मान्य किए जावेगें।

1. मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. से कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व्यवसाय में एक वर्षीय डिप्लोमा / सर्टिफिकेट ।
2. मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन / राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर साईन्स / इन्फारमेंशन टेक्नालॉजी / मार्डन / आफिस मैनेजमेन्ट का डिप्लोमा। (02 वर्ष से अन्यून)
3. वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / डीम्ड यूनिवर्सिटी / इंदिरा गांधी मुक्त विश्व विश्वविद्यालय / भोज विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर साईंस इन्फारमेशन टेक्नालॉजी / कम्प्यूटर एप्लिकेशन में एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि।
4. DOEACC सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा विभिन्न प्रदत्त डिप्लोमा।

चयन प्रक्रिया :–

1. सहायक ग्रेड–03 पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के कुल प्राप्त प्रतिशत का 70 प्रतिशत अंक (अधिभार) एवं कौशल परीक्षा 30 अंक को जोड़कर मेरिट सूची तैयार कर चयन किया जावेगा।
2. आवेदक को कौशल परीक्षा के 30 अंक में से 15 अंक (50 प्रतिशत) प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
3. सहायक ग्रेड–03 पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर प्रवर्गवार 1:10 कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा।
4. डाटा–एंट्री–आपरेटर पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के कुल प्रतिशत का 70 प्रतिशत अंक एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक को जोड़कर मेरिट सूची तैयार कर चयन किया जावेगा।
5. डाटा–एंट्री–आपरेटर पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता हायर सेकेण्डरी. परीक्षा में प्राप्तांक मेरिट के आधार पर प्रवर्गवार 1:10 कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा।
6. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होंगे) उन्हें प्रथम प्राथमिकता दी जायेगी।
7. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्र / अपात्र के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर जिला बालोद का होगा।
8. अंतिम मेरिट में पदों की संख्या अनुसार वर्गवार एवं संगत श्रेणीवार चयन किए जाने के उपरांत वर्गवार एवं संगत श्रेणीवार पदों की संख्या के दोगुनी संख्या में मेरिटवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी।
9. नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा जारी चयन सूची जारी दिनांक से 01 वर्ष के लिए वैध होगी।
10. प्रतीक्षा सूची की वैधता 01 वर्ष के लिए वैध रहेगी।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास बालोद

 Server//e//#_SOURABH_KUMHADIYA_//S.N.SAHU//WORD FILE// VIGYAPAN VIBHAGIY 2023-24

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास शाखा
जिला–बालोद (छ.ग.)

| स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

| | | |
|---|---|---|
| | आवेदित पद का नाम | : .................................................................. |
| 01. | आवेदन का पूरा नाम (हिन्दी में) | : .................................................................. |
| | (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में) | : .................................................................. |
| 02. | पिता /पति. का नाम | : .................................................................. |
| 03. | लिंग | : .................................................................. |
| 04. | जन्म तिथि | : .................................................................. |
| 05. | विवाहित/अविवाहित | : .................................................................. |
| 06. | पत्र व्यवहार का वर्तमान पता | : .................................................................. |
| 07. | स्थायी पता | : .................................................................. |
| 08. | मोबाईल नम्बर | : .................................................................. |
| 09. | क्या आवेदक विकलांग है? (यदि हाँ तो विकलांगता संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड का सत्यापित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।) | : .................................................................. |
| 10. | क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है? (यदि हाँ तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की सत्यप्रति संलग्न करें।) | : .................................................................. |
| 11. | रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक | : .................................................................. .................................................................. |
| 12. | रोजगार कार्यालय का नाम | : .................................................................. |
| 13. | क्या आवेदक छ.ग. का मूल निवासी है? | : हाँ/नहीं ................ (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करें।) |
| 14. | क्या आवेदक अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.व. वर्ग के है? | : हाँ/नहीं ................ (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करें।) |

15. **शैक्षणिक योग्यता :–** (सभी परीक्षा के परिणाम संलग्न करें।)

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |
| 5. | | | | | | |

16. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था :– हाँ / नहीं ................................
में सेवारत है? (यदि हाँ / नहीं सक्षम प्राधिकार द्वारा
अनापत्ति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)

17. अधिकतम आयु सीमा मे छूट के संबंध में संलग्न प्रमाण–पत्र का विवरण :–

.........................................................................................................................................

18. स्व–सत्यापित आयु सीमा में छूट के संबंध में संलग्न प्रमाण–पत्र का विवरण :–

1. .........................................................................................................................
2. .........................................................................................................................
3. .........................................................................................................................
4. .........................................................................................................................
5. .........................................................................................................................
6. .........................................................................................................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

## <u>// घोषणा पत्र //</u>

मै एतद् द्वारा घोषित करता / करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है। जहाँ मेरी जानकारी एवं विश्वास से इस आवेदन में दी गयी प्रविष्टियों सत्य एवं सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पाई जाती है, तो मेरा आवेदन निरस्त तथा चयन / नियुक्ति के उपरांत भी मेरी दावेदारी निरस्त की जा सकती है। जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा। मूल दस्तावेज / प्रमाण–पत्र कार्यालय द्वारा कोई मांगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे।

स्थान : ....................

दिनांक : ................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

आवेदक का नाम : ..........................................

पिता / पति का नाम : ..........................................